# 11 जाट राजवंश

1. भरतपुर की रानी किशोरी देवी किस शासक की पत्नी थी?
(1) जसवंत सिंह (2) बलवंत सिंह
(3) रणजीत सिंह (4) सूरजमल

2. 1900 ई. में भरतपुर के किस शासक को अंग्रेजों ने गद्दी से हटाकर दिल्ली भेज दिया और उसके अव्यस्क पुत्र को राजा बना दिया?
(1) बलवंत सिंह (2) रणधीर सिंह
(3) रामसिंह (4) बृजेन्द्र सिंह

3. किस मुगल शासक ने चूड़ामन को 'राव' की उपाधि दी और उसे बारामूला से सिकन्दरा तक के शाही मार्ग से राहदारी वसूलने का अधिकार दिया?
(1) बहादुरशाह (2) औरंगजेब
(3) फर्रूखशियर (4) मुहम्मदशाह

4. महाराजा सूरजमल के बचपन का नाम था–
(1) सूर्यभान (2) सुजानसिंह
(3) समुद्र सिंह (4) सूर्यकरण

5. 1754 ई. में महाराजा सूरजमल के विरुद्ध कुम्हेर के किले के घेरे में कौनसा मराठा सेनानायक मारा गया था?
(1) खांडेराव होल्कर (2) मल्हार राव होल्कर
(3) सदाशिव राव भाऊ (4) जयप्पा सिंधिया

6. किस कछवाहा शासक ने बदनसिंह को 'राजा' व 'ब्रजराज' की उपाधि तथा जागीरें प्रदान की थी?
(1) बिशनसिंह (2) मिर्जा राजा जयसिंह
(3) मानसिंह प्रथम (4) सवाई जयसिंह

7. धौलपुर के किस शासक ने 1804 ई. में अंग्रेजों से संधि की?
(1) कीरत सिंह (2) राणा भगवंत सिंह
(3) राणा निहालसिंह (4) रामसिंह

8. मुगलों के विरूद्ध हुए प्रथम जाट विद्रोह का नेता कौन था?
(1) राजाराम जाट (2) श्यामलाल
(3) गोकुल जाट (4) चूड़ामन जाट

9. 1764 ई. में दिल्ली के लाल किले पर आक्रमण कर वहाँ से अष्टधातु का दरवाजा लाकर भरतपुर के दुर्ग में किसने लगवाया था?
(1) जवाहर सिंह (2) सूरजमल
(3) रणजीतसिंह (4) रणधीरसिंह

10. जाट वंश का 18वीं शताब्दी के मध्य में किन भू-भागों पर आधिपत्य था?
(1) भरतपुर व करौली (2) धौलपुर व करौली
(3) अलवर व करौली (4) भरतपुर व धौलपुर

11. मंगलसिंह द्वारा रचित 'सुजान समत विलास' किस शासक के काल में लिखी गई थी?
(1) महाराजा शंभूसिंह (2) महाराजा कीरतसिंह
(3) महाराजा सूरजमल (4) महाराजा बदनसिंह

12. महाराजा सूरजमल की मृत्यु के बाद भरतपुर की राजगद्दी किस शासक ने सम्भाली थी?
(1) केसरी सिंह (2) रणजीतसिंह
(3) महाराजा बलदेव सिंह (4) जवाहर सिंह

13. महाराजा जवाहर सिंह ने लौहागढ़ दुर्ग में 'जवाहर बुर्ज' का निर्माण किस विजय की याद में करवाया था?
(1) मल्हार राव होल्कर को परास्त करने की याद में
(2) मावण्डा- मंढोली के युद्ध की विजय में
(3) दिल्ली विजय की याद में
(4) इनमें से कोई नहीं

14. भरतपुर शासक रणजीत सिंह ने अंग्रेजों के साथ संधि कब की थी?
(1) 10 सितम्बर 1803 (2) 29 सितम्बर 1803
(3) 20 सितम्बर 1803 (4) 19 सितम्बर 1803

15. निम्न में से किस शासक को उनकी वीरता व बहादुरी के लिए 'सवाई' व 'बहादुरजंग' की उपाधि से सुशोभित किया गया था?
(1) महाराजा जसवंत सिंह (2) महाराजा रामसिंह
(3) महाराजा किशनसिंह (4) महाराजा बृजेन्द्र सिंह

16. निम्न में से किस शासक ने डीग, कुम्हेर, भरतपुर व वैर के दुर्गो का निर्माण करवाया था?
(1) सूरजमल (2) चूड़ामन
(3) बदनसिंह (4) गोकुल जाट

17. 1879 ई. में भरतपुर के किस शासक ने ब्रिटिश सरकार से साथ नमक संधि की, जिसके तहत् भरतपुर राज्य में नमक उत्पादन पर रोक लगा दी गई?
(1) महाराजा रामसिंह (2) महाराजा बृजेन्द्र सिंह
(3) महाराजा जसवंत सिंह (4) महाराजा बलवंत सिंह

18. निम्न में से किस शासक ने धौलपुर में 'इजलास खास' की स्थापना की थी?
(1) राणा उदयभानसिंह (2) राणा कीरत सिंह
(3) राणा रामसिंह (4) राणा भगवंत सिंह

19. निम्न में से किस शासक ने लौहागढ़ दुर्ग में 'जवाहर बुर्ज' का निर्माण करवाया था?
(1) सूरजमल (2) जवाहर सिंह
(3) बदनसिंह (4) रतनसिंह

20. 1721 ई. में जयसिंह ने भरतपुर के किस शासक को परास्त कर 'थून का किला' छीन लिया था?
(1) सूरजमल (2) बदनसिंह
(3) चूड़ामन (4) जवाहर सिंह

21. महाराजा जवाहर सिंह ने दिल्ली विजय की याद में लोहागढ़ दुर्ग में 'जवाहर बुर्ज' का निर्माण कब करवाया था?
(1) 1765 ई. (2) 1760 ई.
(3) 1756 ई. (4) 1766 ई.

22. 20 अक्टूबर, 1752 ई. को वजीर सफदरजंग ने बादशाह से भरतपुर के किस शासक को स्वतंत्र शासक बनवाया और महेन्द्र की पदवी से उसे विभूषित किया गया था?
(1) सूरजमल (2) जवाहरसिंह
(3) बदनसिंह (4) रतनसिंह

Dhindhwal Publication
Lead, Read and Achieve

23. वह शासक जिसने वैर के जागीरदार बहादुरसिंह पर आक्रमण(अगस्त 1765 ई.) कर वैर के किले को अपने अधिकार में कर लिया था?
(1) महाराजा रतनसिंह (2) महाराजा सूरजमल
(3) जवाहर सिंह (4) महाराजा रणधीर सिंह

24. जवाहर सिंह व मराठों के मध्य 'जाट-मराठा' संधि कब हुई थी?
(1) सितम्बर 1767 ई. (2) नवम्बर 1768 ई.
(3) अक्टूबर 1768 ई. (4) जनवरी 1767 ई.

25. 1890 ई.ब्रिटिश सरकार ने भरतपुर के किस शासक की तोपों की सलामी को बढ़ाकर 17 से 19 कर दी थी?
(1) जवाहर सिंह (2) महाराजा जसवंत सिंह
(3) रणजीत सिंह (4) महाराजा बलदेव सिंह

26. 1707 ई. में औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात् हुए जाजऊ के युद्ध में आजम की पराजित सेना को भरतपुर के किस शासक ने लूट लियाथा।
(1) चूडामन (2) राजाराम
(3) सूरजमल (4) गोकुल

27. निम्न में से किस स्थान पर जाट वंश का शासन नहीं था?
(1) भरतपुर (2) डीग
(3) धौलपुर (4) करौली

28. मावण्डा-मंढ़ोली का युद्ध किनके मध्य हुआ था?
(1) जवाहर सिंह व माधोसिंह प्रथम के मध्य
(2) बदनसिंह व जयसिंह के मध्य
(3) सूरजमल व सवाई ईश्वरी के मध्य
(4) महाराजा बलदेवसिंह व सवाई जयसिंह

29. भरतपुर का वह शासक जिसने जाट-कच्छवाहा मैत्री संबंध स्थापित किये और अपने राज्य का विस्तार किया था?
(1) बदनसिंह (2) सूरजमल
(3) केसरी सिंह (4) रतनसिंह

30. बलवंत सिंह के अवयस्क होने के कारण किसके नेतृत्व में 'रीजेन्सी कौंसिल' का गठन किया गया तथा शासन कार्य पॉलिटिकल एजेन्ट को सौंपा गया?
(1) किशोरी देवी (2) इन्द्र कँवरी
(3) राजकुँवरी (4) अमृत कुँवरी

31. निम्न में से कौनसा शासक भरतपुर राज्य का शासक नहीं था?
(1) महाराजा सूरजमल (2) महाराजा बदनसिंह
(3) राणा कीरत सिंह (4) महाराजा बृजेन्द्र सिंह

32. राजाराम की मृत्यु के बाद(1688 ई.) किसने जाट नेतृत्व की बागड़ोर संभाली थी?
(1) फतहसिंह (2) कीरत सिंह
(3) राणा रतनसिंह (4) सूरजमल

33. वह मुगल फौजदार जिसने जाट आन्दोलन को कुचल दिया तथा गोकुल जाट को बंदी बनाकर उसकी हत्या कर दी थी?
(1) जहाँदार शाह (2) बीदर बख्श
(3) हसन अली खाँ (4) शाह अली

34. 1753 ई. में जब जयपुर नरेश माधोसिंह भरतपुर किले को देखने आए, तब वहाँ भरतपुर का कौनसा शासक निवास कर रहा था?
(1) बलवंत सिंह (2) सूरजमल
(3) रणधीर सिंह (4) बलदेव सिंह

35. अहमदशाह अब्दाली के लौटने के बाद सूरजमल ने एक महीने के घेरे के बाद 12 जून, 1761 ई. को किस किले पर अधिकार कर लिया था ?
(1) दिल्ली (2) भरतपुर
(3) आगरा (4) धौलपुर

36. धौलपुर के महाराणा निहाल सिंह के बारे में कौनसा कथन सत्य नहीं है?
(1) इनके नाबालिग होने के कारण धौलपुर राज्य का शासन प्रबंधन 'सर दिनकर राव' को सौपा गया।
(2) 1875 ई. में इन्होनें मिस्टर स्मिश को धौलपुर राज्य में भूमि बंदोबस्त करने के लिए बुलाया।
(3) मुंशी कन्हैयालाल व दुर्गादास के सहयोग से 1877 ई. तक बंदोबस्त पूर्ण हुआ।
(4) 1911 ई. में इनका निधन हो गया।

37. भरतपुर के किस शासक के शासन काल में पूर्वी राजपूताने के राज्यों के पॉलिटिकल एजेंट का कार्यालय धौलपुर से हटाकर भरतपुर स्थानान्तरित किया गया-
(1) जसवंत सिंह (2) रामसिंह
(3) रणधीर सिंह (4) रतनसिंह

38. महाराजा रणधीर सिंह की निःसंतान (7 अक्टूबर, 1823) मृत्यु हो जाने के बाद भरतपुर का शासक कौन बना था?
(1) रणजीत सिंह (2) बलवंत सिंह
(3) बलदेव सिंह (4) बृजेन्द्र सिंह

39. महाराजा जवाहर सिंह द्वारा ऐतिहासिक लाल किले से लूटकर लाए गए अष्ट धातु किवाड़ को भरतपुर दुर्ग के किस प्रवेश द्वार पर लगाया गया था?
(1) पूर्वी प्रवेश द्वार (2) उत्तरी प्रवेश द्वार
(3) दक्षिणी प्रवेश द्वार (4) पश्चिमी प्रवेश द्वार

40. 1806 ई. में भरतपुर के शासक कौन थे, जिन्होंने मोतीराम को यहाँ का कोतवाल नियुक्त किया एवं 'रणजीत सिंह की छतरी' व महल का निर्माण करवाया?
(1) महाराजा रणधीर सिंह (2) महाराजा बलदेव सिंह
(3) महाराजा रणजीत सिंह (4) महाराजा बलवंत सिंह

Read and Achieve Dhindhwal Publication